दैनिक
# प्रदेश स्वराज
Title Code MPHIN39077
डॉ. प्रविण पाटील : सह-संपादक | वर्ष-01 | अंक-302 | बुरहानपुर सोमवार, दिनांक 30 सितंबर 2024 | आश्विन 13 | पृष्ठ संख्या: 08 | मुल्य : 5 रूपये

# जमैका के प्रधानमंत्री होलनेस 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक अपनी पहली भारत यात्रा पर रहेंगे

प्रदेश स्वराज | नई दिल्ली

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर जमेका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे, विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है। यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी, और जमेका के किसी प्रधानमंत्री की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा भी होगी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री होतनेस बहुपक्षीय बैठकों के दौरान कई बार मिल चुके हैं। यात्रा के दौरान होलनेस प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करेंगे। यह यात्रा होतनेरा को अन्य गणमान्य व्यक्तियों से मिलने और व्यापार और उद्योग के नेताओं के साथ बातचीत करने का अवसर भी प्रदान करेगी। द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देते हुए यात्रा के दौरान कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। बयान में कहा गया है कि इस यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिलेगी, आर्थिक सहयोग बढ़ेगा और जमेका तथा भारात के बीच दीर्घकालिक संबंध मजबूत होंगे। इससे पहले 5



जून को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमैका की अपनी समकक्ष कामिना जॉनसन स्मिथ को धन्यवाद दिया था, जब सिमध ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनावों में लगातार तीसरी जीत के लिए शुभकामनाएं दी थी और कहा था कि वह द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने तथा वैश्विक दक्षिण के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर मिलकर काम करने के लिए तत्पर है। जमेका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके तीसरे कार्यकाल की शुरुआत करने के लिए बधाई दी। एक्स पर एक पोस्ट में होलनेस ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी को बधाई, क्योंकि वह भारत के सरकार प्रमुख के रूप में ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल की शुरुआत करने की तैयारी कर रहे हैं। ₹जवाब में, पीएम मोदी ने जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होतनेस को धन्यवाद दिया और कहा कि वह दोनों देशों के लोगों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर है। धन्यवाद प्रधानमंत्री @Andrew Holness JMI भारत जमेका संबंधों की पहचान सदियों पुराने लोगों के आपसी संबंधों से है। में हमारे लोगों के कल्याण के लिए आपके साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हूं' पीएम मोदी ने एक्स पर कहा।

## भारत-बांग्लादेश टेस्ट के तीसरे दिन का खेल भी रद्द

### नहीं गिरी बारिश की एक बूंद, फिर भी नहीं हुआ तीसरे दिन का खेल



प्रदेश स्वराज | कानपुर

भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में तीसरे दिन का भी खेल नहीं हो सका. मैदान गीला रहने के कारण आजके खेल को रद्द करना पड़ा है. बता दें कि दूसरा दिन का खेल भी बिना एक गेंद फेंके धुल गया था. पहले दिन भी बारिश के कारण केवल 35 ओवर का ही खेल हो पाया था. क्रीज पर मोमिनुल और मुश्फिकुर रहीम नाबाद हैं. बता दें कि भारत ने पहला टेस्ट मैच 280 रनों से जीता था. दूसरे टेस्ट मैच में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था. भारत के आकाश दीप ने दो विकेट और अश्विन ने अबतक एक विकेट निकाले हैं. बांग्लादेश ने अबतक 107/3 (35 ओवर) में बनाए थे. आपको याद दिला दें कि पहले दिन भी बारिश के कारण देरी से खेल शुरू हुआ था. टॉस एक घंटे देरी से हुआ, जिसमें भारत ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया था. पहले दिन मेहमान टीम ने 35 ओवर खेल कर 3 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए थे. उसके बाद लगातार 2 दिन का खेल रद्द किया जा चुका है. दूसरे दिन बारिश के कारण खेल रुका रहा था, वहीं तीसरे दिन बारिश तो नहीं हुई लेकिन गीले मैदान की वजह से खिलाड़ी अभ्यास भी नहीं कर पाए. भारत इस दो मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे चल रहा है. पहला मैच टीम इंडिया ने 280 रनों से जीता था.

## नेपाल में बारिश से बिहार में हाई अलर्ट

# नेपाल से निकला सैलाब बिहार में तबाही मचाने को तैयार

प्रदेश स्वराज | नेपाल

नेपाल में लगातार हो रही बारिश का असर बिहार और यूपी तक दिखाई दे रहा है। कोसी और गंडक नदियां उफान पर हैं। बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण बिहार के 13 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। करीब एक लाख लोग बाढ़ की चपेट में हैं। प्रशासन ने बस्तियां खाली करने के निर्देश दिए हैं। बिहार में 1968 के बाद बाढ़ की इतनी बिकराल स्थिति बनी है। अब गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने की आशंका है। स्थानीय लोगों ने बताया कि 55 साल बाद कोसी नदी में इतना पानी देखा है। उन्होंने 2008 जैसी बाढ़ की आशंका जताई है। बताया कि 2008 में दो-तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। जिससे कुशहा बांध टूट गया और कई जिले बाढ़ की चपेट में आ गए थे। इस बार भी कोसी बराज से 5.5 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। पूर्णिया में लगातार तीन दिन से बारिश हो रही है। कनकई महानंदा और परमान जैसी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ के चलते बायसी प्रखंड के ताराबाड़ी में एक मस्जिद का ढांचा नदी में समा गया। इस घटना



का वीडियो सामने सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। मधुबनी जिले में कोसी, कमला, भुतही बलान नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। मधेपुर प्रखण्ड के दर्जन भर गांव बाढ़ की चपेट में हैं। दर्जनों घरों में पानी घुस गया। लोग घर खाली कर सुरक्षित स्थानों पर जा रहे हैं। प्रशासन ने आश्रय स्थल बनाए हैं। कोसी बैराज से 5 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिस कारण इन इलाकों में पानी भरा है। एसडीआरएफ की दो टीमें 25 नावों और दो मोटरबोट लगाया कर लोगों को सुरक्षित इलाकों में पहुंचा रहा है।

# न्यूज ब्रीफ

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न शाखाओं में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया गया




प्रदेश स्वराज | रायसेन

भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान सम्पूर्ण देश में चलाया जा रहा है इसी क्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया ने अपनी भिन्न-भिन्न शाखाओं व संस्थाओं के माध्यम से स्वछता अभियान का आयोजन किया है। ग्राम बम्होरी में स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित संस्थान सेंट आरसेटी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत सफाई का आयोजन किया गया । आरसेटी डायरेक्टर राकेश कुमार द्वारा बताया गया की उक्त सफाई अभियान में प्रशिक्षण लेने आए प्रशिक्षणार्थियों द्वारा श्रमदान कर परिसर की सफाई में अपना योगदान दिया गया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक एचएस सोनी, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल मार्केटिंग प्रबंधक सुनील सोन्हिया एवं समस्त सेंट आर सेटी स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित ग्राम सभाओं में समस्त पेंशन हितग्राहियों,

प्रदेश स्वराज | दतिया

**दतिया,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन दतिया श्री कमलेश भार्गव ने जिले के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दतिया, सेवढ़ा एवं भाण्डेर को निर्देश दिए है कि सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी 2 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित ग्राम सभाओं में समस्त पेंशन हितग्राहियों (वृद्वजन, विधवा (कल्याणी), दिव्यांगजन) के नामों का वाचन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशों में कहा कि समस्त पेंशन हितग्राहियों को अवगत कराया जावे कि भारत सरकार के निर्देशानुसार पेंशन का लाभ निरंतर प्राप्त करने हेतु आधार कार्ड, ईकेवाईसी कराया जाना अतिआवश्यक है। जिन हितग्राहियों को अभी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है, वह नजदीकी सेंटर पर जाकर अपना आधार कार्ड, ईकेवाईसी जरूर करा ले। जिससे उन्हें भारत सरकार द्वारा स्वीकृत पेंशन का लाभ मिल सके।

# सांसद, विधायक, नपा अध्यक्ष ने किया पानी टंकी का भूमिपूजन

प्रदेश स्वराज | सीहोर

भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक सुदेश राय एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत जिले के वार्ड क्रमांक 29 में आयोजित कार्यक्रम में एक करोड़ 02 लाख रूपये लागत से निर्मित होने वाली पानी टंकी के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर सांसद श्री आलोक शर्मा ने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अमृत योजना 2.0 अंतर्गत करोड़ों रूपये की लागत से शहर में सैकड़ों किलोमीटर में पेयजल लाइनों का विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक श्री सुदेश राय एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर ने भी संबोधित किया।



# अपूर्ण आवास के हितग्राहियों की काउंसलिंग



प्रदेश स्वराज | राजगढ़

**राजगढ़,** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के ऐसे हितग्राहियों जिनके आवास अभी तक पूर्ण नहीं हैं,की काउंसिलिंग प्रारंभ की गई है। ऐसे हितग्राहियों की कर्मचारियों का दल बनाकर काउंसिलिंग की जा रही है। शुक्रवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री महीप किशोर तेजस्वी के नेतृत्व में कर्मचारियों का दल सर्वाधिक अपूर्ण आवासों वाली पंचायतों में पहुंचा एवं 15 दिवस में आवास निर्माण पूर्ण करने की हितग्राहियों को समझाईश दी।

# मानव अपने हृदय को कैसे स्वास्थ्य रखें से अवगत हुए

प्रदेश स्वराज | विदिशा

**विदिशा,** विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य पर जिला चिकित्सालय में विशेष आयोजन किया गया था। जिसमें विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आमजनों को अपने हृदय को कैसे स्वास्थ्य रखें के मूल मंत्र बताए गए और इनका पालन करने का आहवान किया गया है। सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉक्टर शिरीष रघुवंशी के मार्गदर्शन में श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय जिला चिकित्सालय विदिशा में विश्व हृदय दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। जिला चिकित्सालय में विश्व हृदय दिवस पर 30 वर्ष से ऊपर के अस्पताल में आए सभी मरीजो का ब्लड प्रेशर, शुगर एवं आवश्यकता अनुसार ईसीजी की जांच की गयीा। विश्व हृदय दिवस पर उपस्थित सभी मरीजो एवं उनके परिजनों को हृदय रोग से बचाव के लिए सिविल सर्जन डॉक्टर शिरिष रघुवंशी द्वारा जो उपाय बताए गए उनमें व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट पैदल घूमना एवं नियमित व्यायाम करना चाहिए। व्यक्ति को कम तनाव लेना चाहिए एवं लाफिंग थेरेपी अभ्यास कम से कम 5 मिनट तक करना चाहिए। व्यक्ति को कम से कम 8 घंटे की पूरी नींद लेते हुए रात में जल्दी सोना चाहिए। व्यक्ति को नमक और शक्कर का कम सेवन एवं संतुलित आहार लेना चाहिए किसी भी प्रकार का चेस्ट पेन होने पर तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।




# सीएमएचओ ने सिविल अस्पताल बैरागढ़ का निरीक्षण कर देखी निर्माण कार्यों की प्रगति

## सफाई न मिलने और अतिक्रमण पर कार्रवाई न करने पर सीएमएचओ ने जारी किया नोटिस

प्रदेश स्वराज | भोपाल

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल द्वारा सिविल अस्पताल बैरागढ़ के निर्माणाधीन मेटरनिटी विंग का निरीक्षण किया गया। अस्पताल में 100 बिस्तरीय नवीन मेटरनिटी विंग का निर्माण किया जा रहा है। जिससे संत हिरदाराम क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्र की बड़ी आबादी को उच्च गुणवत्ता युक्त प्रसव एवं शिशु देखभाल सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन भवन में साफ-सफाई न होने और अस्पताल परिसर के आस-पास अतिक्रमण मिलने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल द्वारा अस्पताल अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।निरीक्षण में मेटरनिटी विंग के लेबर रूम, मॉड्यूलर ओटी, एचडीयू, एनबीएसयू , पीआईसीयू, पार्किंग व्यवस्था, फायर फाइटिंग सिस्टम, ऑक्सीजन सप्लाई की स्थिति की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में अनुपयोगी सामग्री का परिसर में पड़े रहने तथा अतिक्रमण के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई न किए जाने पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. जे.के. जैन को नोटिस दिया गया है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि सिविल हॉस्पिटल बैरागढ़ में नवीन 100 बिस्तरीय मेटरनिटी विंग का निर्माण कार्य प्रगतिरत है।





# न्यूज ब्रीफ

## इनर व्हील रैंबो ने किया मानवीय पहल हो रही सराहना

प्रदेश स्वराज | संजय कुमार

**गोरखपुर,** इनर व्हील रैंबो के द्वारा जीविका उपार्जन के लिए की गई मदद इनर व्हील रैंबो ने एक व्यक्ति को ई रिक्शा देखकर उसको जीविका चलाने के लिए उत्साहित किया यह कार्य रेडिसन ब्लू में संपन्न किया गया हमारे जिला अध्यक्ष आशा अग्रवाल जी और एसोसिएशन प्रेसिडेंट सुनीता जैन जी के कर कमल द्वारा मानस नाम के ड्राइवर को ई-रिक्शा की चाबी सौंप गई। और उससे यह वादा लिया गया कि वह ई रिक्शा चलाएगा। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष पूजा गोयल सचिव नम्रता जैन उपाध्यक्ष संगीता माल नेहा सोनी स्नेहा गुप्ता रचना धूलिया रजीता सिंह आदि उपस्थित रहे।

## निदेशक के बेटे पर फर्जी प्रमाण पत्र पर पीजी में दाखिले का आरोप




प्रदेश स्वराज | संजय कुमार

**गोरखपुर,** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. जीके पाल को हटा दिया गया है। उनके जगह भोपाल एम्स के निदेशक एके सिंह को कार्यभार सौंपा गया है। डॉ.पाल के पास पटना एम्स का कार्यभार है। उनके बेटे के ऊपर फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर कोर्स का आरोप है। जिसमें बिजलेंस की जांच चल रही थी। बता दें कि इसके पहले सुरेखा किशोर को भी विवादों के बाद निदेशक के पद से हटाया गया था।अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. जीके पाल के बेटे के प्रमाणपत्र की जांच करने गुरुवार को विजिलेंस की टीम एम्स पहुंची थी। टीम के पहुंचने पर एम्स में पूरे दिन चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। इस बीच टीम के सदस्यों ने ओपीडी से लेकर एडमिन कार्यालय, स्टैंड और कैंटीन तक के फोटो खींचे। बताया जा रहा है कि शिकायतकर्ता डॉ. गौरव गुप्ता से टीम मुलाकात करना चाह रही थी। बता दें कि एम्स के कार्यकारी निदेशक के बेटे ओरो प्रकाश पाल का ओबीसी का एनसीएल प्रमाणपत्र पटना से जारी हुआ है। मामले में डीएम पटना भी कमेटी बनाकर जांच करा रहे हैं।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 01 अक्टूबर को

**संत कबीर नगर** - जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में शारदीय नवरात्रि, दुर्गापूजा, दशहरा का पर्व/त्यौहार को शान्ति एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने तथा कानून व्यवस्था कायम रखने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक दिनांक 01.10.2024 को 12.00 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गयी है ।उक्त शान्ति समिति की बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों/पुलिस अधिकारियों को ससमय उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है ।उल्लेखनीय है कि इस वर्ष शारदीय नवरात्रि एवं दुर्गापूजा का त्यौहार दिनांक 03.10.2024 से प्रारम्भ हो रहा है और दिनांक 12.10.2024 को दशहरा / महानवमी/विजयादशमी के दिन समाप्त हो जायेगा।

# उत्तर प्रदेश न्यूज समाचार पत्र के सभी पत्रकार बंधुओं की बैठक संपन्न



प्रदेश स्वराज | संजय कुमार

गोरखपुर -आज दिनांक 29/09/24 को उत्तर प्रदेश न्यूज गोरखपुर मण्डल के सभी पत्रकार बंधुओं की आवश्यक बैठक गोरखपुर विश्वविद्यालय पंत पार्क में हुई। बैठक में पत्रकारों से संबंधित सभी समस्याओं नवीनीकरण हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। आज बैठक में उत्तर प्रदेश न्यूज के स्टेट हेड नितेश चंद श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। बैठक में सभी तहसीलों/ब्लाक में प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर सहमति जताई गयी। बैठक में विमलेश पाण्डेय अपराध संवाददाता, दीपक चौरसिया, विभा त्रिपाठी, रीना शुक्ला, सीताराम पाण्डेय, प्रदीप यादव, मनोज मिश्रा मण्डल ब्यूरो चीफ, आर एन ओझा, मोहम्मद फैसल, संजय कुमार आदि उपस्थित थे। बहुत ही सुन्दर माहौल में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया। हर महीने बैठक किये जाने पर सहमति जताई गयी।

# स्कूटी से गिराया,बाल नोचे,महिला कॉन्स्टेबल से भिड़ी महिला



प्रदेश स्वराज | संजय कुमार

**सहारनपुर,** यूपी के सहारनपुर में एक महिला बीच सड़क पर आरपीएफ की लेडी कॉन्स्टेबल से भिड़ गई। मामूली कहासुनी के बाद महिला ने महिला कॉन्स्टेबल की पिटाई कर दी और उसकी वर्दी भी फाड़ दी ।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे आरपीएफ और जीआरपी के जवानों ने बीच बचाव किया।

# चाइनीज लहसुन ने बढ़ाई चिंता, मामला पहुंचा इलाहाबाद हाई कोर्ट

प्रदेश स्वराज | संजय कुमार

**महाराजगंज,** चाइनीज लहसुन ने लोगों की चिंता बढ़ा रखी है. लहसुन की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में तस्कर चीन से लहसुन ला रहे हैं. ये लहसुन नेपाल के रास्ते भारत पहुंच रहा है. इसी महीने यूपी में चाइनीज लहसुन पकड़ा भी गया था. अब चाइनीज लहसुन का मामला इलाहाबाद हाई कोर्ट पहुंच गया है.हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में चाइनीज लहसुन के खिलाफ जनहित याचिका डाली गई है. गुरुवार को अधिवक्ता कोर्ट रूम में जज के सामने देसी और चाइनीज लहसुन लेकर पहुंचे. इस लहसुन से होने वाली बीमारियों और इस पर लगी रोक को लेकर हाई कोर्ट के अधिवक्ता मोतीलाल यादव ने जनहित याचिका दायर की है. याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने चीनी लहसुन और देसी लहसुन को कोर्ट में मंगवाया. अधिवक्ता मोतीलाल यादव लहसुन लेकर कोर्ट पहुंचे. लहसुन को चेक किया गया. अब इसको लेकर शुक्रवार को यूपी के फूड सेफ्टी और ड्रग डिपार्टमेंट के चीफ को कोर्ट द्वारा तलब किया गया है. फूड सेफ्टी और ड्रग डिपार्टमेंट के चीफ कल कोर्ट में दोनों तरह के लहसुन की जांच करेंगे.इस महीने यूपी में कस्टम विभाग ने 16 टन चाइनीज लहसुन जब्त किया था. इसके बाद लहसुन को जांच के लिए लैब में भेजा गया था. सैंपलिंग फेल होने पर विभाग ने इसको नष्ट करवा दिया था.



# कस्टम अधिनियम के तहत बड़ी छापेमारी में खाद्यान्न बरामद किया गया

प्रदेश स्वराज | संजय कुमार

**महराजगंज।** थानाध्यक्ष सोनौली अंकित सिंहद्वारा SSB व पुलिस की संयुक्त टीम का गठन किया गया था। उक्त टीम द्वारा दिनांक 29.09.2024 को भारत नेपाल सीमा के पास स्थित ग्राम खनुआ के पश्चिम स्थित मकान से 55 बोरी चीनी (प्रत्येक 50kg), चायपती 14 बैग (प्रत्येक 24kg), सोयाबड़ी 10 बोरी ( प्रत्येक 20kg), काजू 05 गन्ता (प्रत्येक 12kg), चिप्स 14 चोरी (प्रत्येक 20kg), चिप्स 14 गन्ता (प्रत्येक 20kg) लावारिश बरामद किया गया। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 निल/2024 धारा113 कस्टम अधि) पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय नौतनवां रवाना किया गया ।पुलिस ने बताया कि चीनी 55 बोरी (प्रत्येक 50kg), चायपती 14 बैग (प्रत्येक 24kg),सोयाबड़ी 10 बोरी (प्रत्येक20kg),काजू 05 गत्ता (प्रत्येक 12kg),चिप्स 14 बोरी (प्रत्येक 20kg), चिप्स 14 गन्ता (प्रत्येक 20kg)बरामद किया गया है।






आवश्यकता है

दैनिक प्रदेश स्वराज

दैनिक प्रदेश स्वराज को मध्यप्रदेश के समस्त जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरोचीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छूक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें

संजय कुमार : स्थानीय संपादक Call : 7522 005 202

दैनिक प्रदेश स्वराज
बुरहानपुर, सोमवार 30 सितंबर 2024

# न्यूज़ ब्रीफ

## उरई से कोंच आ रहे युवक को चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर घायल





प्रदेश स्वराज | संजय कुमार

कोंच( जालौन )आज उरई कोंच रोड पर एक बाइक सवार युवक को ग्राम भदारी और पडरी गाँव के बीच मे एक चार पहिया वाहन ने जोर दार टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार युवक बुरी तरह से घायल हो गया और अस्पताल मे उसकी मौत हो गई है मिली जानकारी मे राहुल उर्फ छोटू पुत्र शिव करण अहिरवार उम्र चौबीस साल निवासी नहर कालोनी कोंच आज शुक्रवार को किसी कार्य को लेकर उरई अपनी बाइक से गया हुआ था और शाम के सात बजे वह अपने बाइक से उरई से कोंच आ रहा था तभी वह ग्राम भदारी और पडरी के बीच आ पाया ही था की कोंच से उरई जा रहे चार पहिया वाहन आई टेन यूपी 93 वाई 3435 के चालक ने उसकी बाइक मे जोर दार टक्कर मार दी जिस से बाइक सवार युवक बुरी तरह से लहूलुहान होकर बीच सड़क पर गिर गया और वह गम्भीर रूप से घायल हो गया वहाँ से निकल रहे राहगिरो ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को कोंच के सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया है जहाँ गम्भीर रूप से घायल युवक को डाकटरो ने नब्ज देकर उसे मृत घोषित कर दिया हैवहीं पर परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है

## शोध पात्रता परीक्षा (रेट) का परिणाम जारी



प्रदेश स्वराज | संजय कुमार

**गोरखपुर,**दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की शोध पात्रता परीक्षा ( रेट 2023 ) की लिखित परीक्षा के परिणाम आज घोषित कर दिए गए। सफल अभ्यर्थी संबंधित विभागों में 4 से 7 अक्टूबर 2024 के बीच समस्त अंकपत्रों एवं प्रमाणपत्रों के सत्यापन के लिए उपस्थित होंगे। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि रेट 2023 परीक्षा के परिणाम विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल www.dduguadmission.in पर शनिवार सुबह से देखे जा सकेंगे। विभागों में प्रमाणपत्र सत्यापन के बाद अभ्यर्थियों को 10 अक्टूबर तक ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा।उल्लेखनीय है कि कुल 36 विषयों में पूर्णकालिक शोध कार्यक्रम हेतु परिसर की 391 और महाविद्यालयों की 413 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा दो चरणों में आयोजित की गई थी। पहले आयोजित लिखित परीक्षा में अर्हता हासिल करने वाले अभ्यर्थियों के साक्षात्कार एवं प्रेजेंटेशन की प्रक्रिया विगत 9 से 13 सितंबर तक संबंधित विभागों में संपन्न हुई थी । दोनों परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम परिणाम घोषित किया गया।

# बारिश और बाधाओं को दरकिनार कर गोरखपुर ने मनाया पोषण महोत्सव

### विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों के जरिये दिया गया ''सही पोषण, देश रोशन'' का संदेश

प्रदेश स्वराज | संजय कुमार



लगातार दो दिनों से हो रही भीषण बारिश और इससे पैदा हुई जलभराव जैसी बाधाओं को दरकिनार कर जनपद ने सातवें राष्ट्रीय पोषण माह को खास बना दिया ।जनपद में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के नेतृत्व में कई सहयोगी विभागों की मदद और सामुदायिक भागीदारी से बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में शनिवार को पूरे धूमधाम से पोषण महोत्सव मनाया गया । इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों के जरिये '' सही पोषण, देश रोशन'' का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गोरखपुर के सदर सांसद रवि किशन शुक्ल,विशिष्ट अतिथि प्रदीप शुक्ला और महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव समेत कई अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और अधिकारीगण ने भी हिस्सा लिया।सांसद रवि किशन शुक्ल ने अपने संबोधन में मोटे अनाज के सेवन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेत में उगाई जाने वाली फसलों में पेस्टिसाइड्स के इस्तेमाल से भी कैंसर के मामले बढ़े हैं।ऐसे में हम सभी को पारम्परिक और पौष्टिक मोटे अनाज के सेवन पर जोर देना होगा। उन्होंने कहा कि पहले इंसेफेलाइटिस के साथ साथ कुपोषण से भी बच्चों की मौते होती थीं, लेकिन केंद्र और प्रदेश सरकार के प्रयासों से स्थिति बदली है।सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि हर बच्चा स्वस्थ हो। इसके लिए युद्धस्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। पोषण अभियान भी इन्हीं प्रयासों का हिस्सा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिनव कुमार मिश्र ने अभियान के बारे में जानकारी दी और बताया कि पोषण माह में विविध गतिविधियों के जरिये समाज में सही पोषण के बारे में जागरूकता के संदेश दिये जा रहे हैं। महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य और पोषण में गहरा संबंध होता है। हमारे शरीर पर ज्यादातर बीमारियां तब हावी होने लगती हैं, जब हमारा पोषण स्तर कुप्रभावित होता है। कुपोषण कई प्रकार की बीमारियों की जड़ है। पोषण माह में किये जा रहे प्रयास जिले को कुपोषण मुक्त बनाने में अवश्य सफल होंगे।

# जनरल इंश्योरेंस कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लखनऊ वार्षिक सामान्य बैठक संपन्न

प्रदेश स्वराज | संजय कुमार




लखनऊ -जनरल इंश्योरेंस कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लखनऊ के उपसभापति जी एस सिंह ने बताया कि आज दिनांक 29 सितंबर 2024 को जनरल इंश्योरेंस इंप्लाइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लखनऊ की 46 वीं वार्षिक सामान्य बैठक हरि ओम मंदिर लालबाग लखनऊ में बड़ी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में त्रिलोक सिंह महासचिव जी आई ई ए आई ए तथा दर्शन वधवा सेक्रेटरी जनरल जी आई ई ए आई ए क्लास 1 उपस्थित रहे। समिति के सचिव अनिल कुमार वर्मा ने समिति का प्रतिवेदन पढ़ा तथा उन्होंने जानकारी देते हुए सदस्यों को 14% प्रतिशत लाभांश देने की सोसाइटी के निर्णय की जानकारी दी। सदस्यों ने बहुत ही हर्ष के साथ तालियो से इस निर्णय का स्वागत किया। साथी त्रिलोक सिंह जी ने समिति के उज्जवल भविष्य की कामना करते सहकारिता आंदोलन तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने की अपील करते हुए सार्वजनिक बीमा कंपनियों के कर्मचारियों के वेज रिवीजन के संबंध में चल रहे संघर्ष से अवगत कराया। दर्शन कुमार वधवा जी ने भी समिति के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा की लखनऊ की सोसाइटी संपूर्ण भारतवर्ष में अभूतपूर्व सोसाइटी है तथा अनेकों लाभकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन कर रही है ।नेशनल इंश्योरेंस के उपमहा प्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस के क्षेत्रीय प्रबंधक ओरिएंटल इंश्योरेंस के क्षेत्रीय प्रबंधक तथा अब्दुल नईम, हरीश उपाध्याय, पंकज प्रकाश, संजय श्रीवास्तव, बीके शुक्ला एच एन तिवारी ने सोसाइटी को शुभकामनाएं एवम सुझाव दिए। बैठक में लगभग 300 सदस्य उपस्थित रहे। इस तरह से समिति की 46 वीं वार्षिक सामान्य बैठक संपन्न हुई। बैठक का संचालन जी एस सिंह ने किया।

# सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने ब्यूटी पार्लर कार्यशाला समापन समारोह का आयोजन किया

प्रदेश स्वराज | दयाशंकर निगम

**जौनपुर,** सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने नगर के मरदानपुर स्थित कार्यालय पर आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए फेमिना मेकअप स्टूडियो के सौजन्य से विगत माह से आरम्भ एडवांस ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह आयोजन किया, जिसमें 30 ब्यूटी पार्लर कोर्स प्रशिक्षित युवतियों व महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ सुभाष सिंह, संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ प्रियंका श्रीवास्तव ( साल्वेशन हॉस्पिटल ) श्रीमती निशा सिंह, प्रशिक्षिका अनामिका ठाकुर, सहकार भारती के जिलाध्यक्ष कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू, स्वयंसेवक नारायण दास, सरला महेश्वरी एवं समस्त सखी वेलफेयर टीम ने मां भगवती के प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया, तत्पश्चात रंगीले निषाद ने विश्व कल्याण की कामना से ध्येय गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ सुभाष सिंह ने कहा कि समाज की सेवा करना एक पुनीत कार्य है और सभी साधन संपन्न लोगों को साधन विहीन लोगों के कल्याण के लिए आगे आना चाहिए क्योंकि समाज के सभी वर्ग के लोगों के विकास के साथ ही हम एक स्वस्थ राष्ट्र निर्माण की कल्पना कर सकते हैं। उन्होंने सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यशालाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों और महिलाओं के लिए किया जा रहे कार्यों की सराहना की तथा प्रशिक्षिका अनामिका ठाकुर सहित फेमिना मेकअप स्टूडियो की पूरी टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



# न्यूज ब्रीफ

## श्रमिक को उपभोक्ता अधिकार संगठन ने श्रम विभाग के माध्यम से एक माह का वेतन बोनस सहित 23.000 /- रुपए दिलाए



प्रदेश स्वराज | बुरहानपुर

**बुरहानपुर,** उपभोक्ता अधिकार संगठन बुरहानपुर पदाधिकारी प्रीतम महाजन ने बसाड स्थित बि, टी , मिल में कैलेंडर मशीन पर अर्ध कुशल पद पर कार्य श्रमिक मधुकर महाजन उम्र 60 वर्ष को बिना नोटिस दिए कार्य से बंद कर दिया गया था श्रमिक को सिर्फ मौखिक तौर पर कहा गया था कि आपकी उम्र हो चुकी है आप काम पर ना आए यह सुनकर श्रमिक सुन हो गया श्रमिक बेरोजगार होकर घर बैठ गया श्रमिक ने एक माह का वेतन और बोनस मांगने पर मिल प्रबंधन ने मना कर दिया श्रमिक ने उपभोक्ता अधिकार संगठन के पदाधिकारी प्रीतम महाजन से मिलकर श्रम विभाग मे कागजी कार्यवाही कर श्रम विभाग अधिकारी के आदेश पर मिल प्रबंधक ने श्रमिक मधुकर महाजन को एक महा का वेतन ,बोनस सहित 23000 /- रुपए दिलाए

## पिपलपानी के बेटे ने विदेश में जीते 3 सिल्वर मेडल, माता-पिता को किया गर्वित




प्रदेश स्वराज | बुरहानपुर

मध्य प्रदेश के पिपलपानी गांव, यादव परिवार के सुपुत्र 13 वर्षीय सार्थक यादव ने थाईलैंड के सुपान शहर में 21-22 सितंबर को आयोजित अंतरराष्ट्रीय इंड्यूरेंस स्केटिंग प्रतियोगिता में 3 सिल्वर मेडल जीतकर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया है।सार्थक ने 2 मिनट 30 सेकंड में ये मेडल हासिल किए और अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, डॉ. पर्मानंद यादव और प्रियंका यादव को दिया। उनके पिता डॉ. पर्मानंद यादव, जो एक किसान हैं, विदेश नहीं जा सके, लेकिन अपने बेटे की इस उपलब्धि से बेहद गर्वित हैं। उन्होंने कहा, ₹सार्थक की इस सफलता ने पूरे परिवार और गांव का सिर ऊंचा कर दिया है।₹सार्थक का सपना नेशनल खिलाड़ी बनने का है, और उसकी इस उपलब्धि से बुरहानपुर जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है।

# दर्यापुर के पास ब्रेक फेल होने से पलटी कार

प्रदेश स्वराज | बुरहानपुर



शनिवार रात करीब 11 बजे दरियापुर वॉटर पार्क के पास कार पलटने से 5 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल कराया गया। मौके पर पुलिस की डायल 100 टीम भी पहुंची। उपचार के दौरान एक युवक की मौत होने की जानकारी सामने आई है। वहीं सभी अन्य 4 घायलों को परिजन निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए हैं। रात करीब 11 दरियापुर वॉटर पार्क के पास अंबाड़ा फाटे पर यह हादसा हुआ। कार एमएच 03 बीसी-5393 का ब्रेक फेल होने से आकाश पिता संजय 22, लक्की पिता अशोक 24, निलेश पिता मधुकर 25, आदर्श पिता किशोर 16, लोकेश पिता किशोर 19 सभी निवासी बड़गांवमाफी अंबाड़ा क्षेत्र घायल हो गए। इसमें इलाज के दौरान आकाश पिता संजय 22 की मौत हो गई। हादसे के बाद कार एक खेत में जाकर पलट गई थी। कार काफी क्षतिग्रस्त भी हुई।

# शिवाजी हॉल लालबाग में 30 सितम्बर को आयोजित रहेगा शिविर



**बुरहानपुर।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में आज जनपद पंचायत बुरहानपुर के तहत ग्राम पंचायत धुलकोट में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग प्रदान किये जाने हेतु चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर आयोजित रहा। शिविर में 64 दिव्यांगजनों का पंजीयन हुआ। वहीं यूडीआईडी कार्ड 15, बस पास 3, पेंशन आवेदन 2, नवीनीकरण के 5, नवीन आवेदन 17 तथा सहायक उपकरण प्रदाय हेतु 9 दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किया गया। कार्ययोजना अनुसार नगर पालिक निगम बुरहानपुर के तहत शिवाजी हॉल लालबाग में 30 सितम्बर, 2024 को शिविर आयोजित किया जायेगा। विदित है कि जिले के दिव्यांजनों को शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) उज्जैन द्वारा शिविरों का आयोजन निर्धारित तिथि अनुसार किया जा रहा है।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत पौधरोपण कर लोगों को दिलाई शपथ

प्रदेश स्वराज | बुरहानपुर

**बुरहानपुर।** खकनार जनपद की ग्राम पंचायत लोखंडिया में शनिवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। स्वच्छता जागरूकता के लिए ग्राम पंचायत ने सफाई और पौधारोपण के कार्यक्रम आयोजित किए।जिसमें मोती माता मंदिर परिसर,पुष्प वाटिका परिसर में साफ सफाई की गई। इसके साथ ही ग्राम पंचायत भवन के सामने सफाई अभियान चलाया गया।पुष्प वाटिका( सी.टी.यु निर्माण ) में आम, बेल, पीपल, जामुन प्रजाति के पौधे लगाए। सभी ने पौधो की देखभाल करने जवाबदारी ली। पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ वंदना केथल,एसबीएम जिला समन्वयक गुप्ता ,सब इंजिनियर बघेल,संजय जाधव,ग्राम पंचायत लोखंडिया के सरपंच मीकू बाई रामदास,उपसरपंच वंदना ईश्वर जाधव ,सचिव ईश्वर महाजन, सहायक सचिव रत्ना पवार,मोती माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्ष्मण झामु पवार ,मंदिर समिति सदस्य ईश्वर जाधव, पंचायत प्रतिनिधि रामदास जोगी,नंदलाल पवार, पंडित राठौड, जगदीश पवार, रामकिशन नाथू चौहान, प्रकाश राठौड़,सुदाम राठौड़, वसंत राठौड़,रमेश जाधव,रामजी राठौड़ सहित ग्रामीण मौजूद रहे।



# आयुष्मान मैराथन (दौड़) का हुआ आयोजन

प्रदेश स्वराज | बुरहानपुर

**बुरहानपुर/** आयुष्मान भारत निरामयम् अंतर्गत आयोजित पखवाड़े मंे आज जिला प्रशासन के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मैराथन का आयोजन किया गया। यह मैराथन प्रातः 8 बजे शनवारा मुख्य चौराहे से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होते हुए मरीचिका गार्डन में आयुष्मान शपथ लेकर समाप्त हुई। मैराथन दौड़ मंे प्रथम स्थान सेवा सदन महाविद्यालय के सागर करोले, सुभाष हाईस्कूल के मुकेश सोलंकी ने दूसरा स्थान एवं सावित्री बाई फुले कन्या शाला से ज्योति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिन्हें प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मैराथन में स्कूली विद्यार्थीगणों, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, एनजीओ प्रतिनिधि, आशा कार्यकर्ता, एएनएम और नागरिकगण आदि ने सहभागिता की। विदित है कि, आयुष्मान पखवाड़ा, आयुष्मान भारत निरामयम के 6 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। जिसका आज विधिवत समापन हुआ। डॉक्टर फूंकवाल ने उपस्थितजनां को आयुष्मान की शपथ दिलाई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि शेष पात्र हितग्राहियांे के कार्ड बनाने का कार्य सतत् रूप से जारी है। आयुष्मान आपके द्वार अंतर्गत टीम द्वारा घर-घर जाकर 70 वर्ष और 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को आयुष्मान से जोड़ने के लिए सर्वे कर जानकारियांॅ एकत्रित की जा रही है।



आवश्यकता है
दैनिक प्रदेश स्वराज
दैनिक प्रदेश स्वराज को मध्यप्रदेश के समस्त जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरोचीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
इच्छूक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें
डॉ. प्रविण पाटील-सह-संपादक Call : 90094 07529

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को पारी और 154 रन से हराया

प्रदेश स्वराज। स्पोर्टस डेस्क

न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मुकाबलों की टेस्ट सीरीज में श्रीलंका ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है. मेजबानों ने दूसरे मैच में कीवी टीम को पारी और 154 रनों से हराकर सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया. इस जीत के साथ श्रीलंका ने फॉलो-ऑन देकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में तीसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की है. श्रीलंका ने 2009 के बाद टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड को हराया है.श्रीलंका ने इस मैच में 514 रनों की विशाल लीड के बाद न्यूजीलैंड को फॉलो-ऑन दिया और फिर 154 रनों से विजय हासिल की. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में फॉलो-ऑन देकर इससे बड़ी जीत केवल भारत के नाम रही है, जिसने 2022 में श्रीलंका को 222 रनों से और 2019 में दक्षिण अफ्रीका को 202 रनों से हराया था. भारत और श्रीलंका ही ऐसी दो टीमें हैं, जिन्होंने फॉलो-ऑन देने के बाद 150+ रन से जीत हासिल की है. मैच की बात करें, तो श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 602 रन बनाकर पारी घोषित की. इसके बाद उनके गेंदबाजों ने लाजवाब प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को पहली पारी में 88 रन पर ऑलआउट कर दिया. 514 रनों की बढ़त के साथ फॉलो-ऑन देने के बाद ब्लैक कैप्स दूसरी पारी में 360 रन बनाकर ऑलआउट हो गया और श्रीलंका ने मैच को पारी और 154 रनों से जीत लिया. इससे श्रीलंका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में अपनी स्थिति को और मजबूत कर लिया है. शुक्रवार, 27 सितंबर को श्रीलंका से



## 2 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया, निशान को 6 विकेट

कामिंडु मेंडिस ने 182 रन की नॉटआउट पारी खेली, इसी के साथ उन्होंने टेस्ट में 1000 रन भी पूरे कर लिए। कामिंडु अपने करियर की 13वीं पारी ही खेल रहे हैं। वह सबसे कम पारियों में 1000 टेस्ट रन बनाने वाले प्लेयर्स में ऑस्ट्रेलिया के डोनाल्ड ब्रैडमैन की बराबरी पर पहुंच गए। कामिंडु के अलावा श्रीलंका से कुसल मेंडिस और दिनेश चांदीमल ने भी शतक लगाए। वहीं 3 प्लेयर्स ने 40 प्लस रन के स्कोर किए। न्यूजीलैंड से ग्लेन फिलिप्स ने 3 विकेट लिए। कामिंडु अपना 8वां टेस्ट खेल रहे हैं और 1000 टेस्ट रन का आंकड़ा पार कर चुके हैं। इस मामले में वह ब्रैडमैन के बाद दूसरे नंबर पर पहुंचे, ब्रैडमैन ने 7 और कामिंडु ने 8 टेस्ट में 1000 रन का आंकड़ा पार किया। हालांकि, सर डॉन ने भी 13 पारियों में ही 1000 रन पूरे किए थे। दोनों इस मामले में संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं। इंग्लैंड के हर्बर्ट सटक्लीफ और वेस्टइंडीज के एवर्टन वीक्स इस रिकॉर्ड में पहले नंबर पर हैं। दोनों ने अपनी-अपनी 12वीं पारी में 1000 टेस्ट रन का आंकड़ा पार कर लिया था। हालांकि, इसके लिए दोनों ने बैटर्स ने 9 मैच लिए थे। भारत से यशस्वी जायसवाल के नाम सबसे कम 9 मैच में 1000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड है।

# राशिफल

पं. भूपेन्द्र चन्द्रकांत व्यवहारे (सोनू महाराजजी)



### मेष | Aries

मेष राशि के जातक को के लिए कल दिन मिला-जुला रहने वाला है. आपके आसपास में यदि कोई वाद विवाद हो, तो आप उसमें चुप लगाये. आपकी किसी गलती को लेकर आपको पछतावा हो सकता है. जीवन साथी की आपसे खटपट रहेगी. यदि ऐसा हो, तो आप उसे दूर करने की कोशिश करें. आपके स्वास्थ्य में यदि कुछ समस्या चल रही है, तो वह बढ़ेगी, इसलिए आपको उससे सावधान रहना होगा. विद्यार्थियों का मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा.

### वृष | Taurus

वृषभ राशि के जातकों के लिए कल दिन ऊर्जावान रहने वाला है. आप अपनी ऊर्जा से अपने काफी कामों को आसानी से कर पाएंगे. आपको यदि किसी काम में कोई समस्या आ रही थी, तो वह आपके किसी मित्र की मदद से दूर होते दिख रही है. ससुराल पक्ष से आपको मान सम्मान मिलेगा. राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती है. आप यदि किसी से कोई बात कहें, तो बहुत ही सोच विचार कर कहे, नहीं तो उन्हें आपकी कोई बात बुरी लग सकती है.

### मिथुन | Gemini

मिथुन राशि के जातकों के लिए कल दिन कुछ खास रहने वाला है. परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है. कल आपकी खुशियों को चार चांद लगेंगे, क्योंकि आप अपने कामों को लेकर थोड़ा सतर्क रहेंगे. नौकरी में आपके अधिकारी आपके ऊपर जिम्मेदारियां को बढ़ाएंगे, लेकिन आपको उनसे घबराने की आवश्यकता नहीं है. आप किसी नए वाहन के खरीदारी की योजना बना सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी.

### कर्क | Cancer

कर्क राशि के जातकों के लिए कल दिन सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा. सबको बेवजह का तनाव सताएगा. आपकी संतान को नौकरी को लेकर घर से दूर जाना पड़ सकता है, जो आपको समस्या दे सकता है. आपका कोई काम यदि लंबे समय से पेंटिंग था, तो आपको उसे पूरा करने के लिए भी समय निकालना होगा. आपके किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी. आपको किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना

### सिंह | Leo

सिंह राशि के जातकों के लिए कल दिन मेहनत भरा रहने वाला है. आपके परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आने के कारण परेशान रहेंगे, जिस कारण आपको भाग दौड़ अधिक रहेगी. आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है. आपकी किसी पुरानी गलती के लिए आपको पछतावा होगा, जो जातक नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है.

### कन्या | Virgo

कन्या राशि के जातकों के लिए कल दिन अच्छा लाभ लेकर आयेगा. कार्य क्षेत्र में आपका कोई बड़ा निर्णय आपको समस्या देगा, लेकिन आपको अपने किसी मित्र की सेहत की चिंता सता सकती है. आप अपने जीवन साथी को लेकर किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं. आपकी माताजी आपसे किसी जरूरी काम को लेकर बातचीत कर सकती हैं. आपको अपने परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा. आपको व्यवसाय में किसी से कोई सलाह लेना बेहतर

### तुला | Libra

तुला राशि के जातकों के लिए कल दिन बाकी दोनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है. आप किसी नहीं संपत्ति खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी. आपका कोई कानूनी मामला लंबे समय से आपको परेशान कर रहा था, तो उसमें भी आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी. आपकी माताजी को यदि कोई रोग लंबे समय से सता रहा था, तो उनके कष्टो में कमी आ सकती है. विद्यार्थियों को किसी नए काम को करने के लिए प्रेरित होंगे.

### वृश्चिक | Scorpio

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए कल दिन प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा. आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है. आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी और आपको अत्यधिक धन को लेकर कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होते दिख रही है. आपको अपने जीवन साथी के लिए कोई उपहार लेकर आ सकते हैं, लेकिन आपके मन में कामों को लेकर कुछ उलझने रहेगी, जिन्हें दूर करने के लिए आपको अपने भाई व बहनों से

### धनु | Sagittarius

धनु राशि के जातकों के लिए कल दिन भाग दौड़ भरा रहने वाला है. आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने का मौका मिल सकता है. आप किसी से कोई बड़ा लेनदेन बहुत ही सोच विचार कर सकते हैं. आपको अपनी सेहत को बनाए रखने की आवश्यकता है. आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी. माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ हम पूरा हो सकता है. आपको वाहनों का प्रयोग बहुत ही सावधान रहकर करना होगा.

### मकर | Capricorn

मकर राशि के जातकों के लिए कल दिन निराशाजनक रहने वाला है. आप अपने बिजनेस में कुछ कामों को लेकर परेशान रहेंगे. आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धारा बनाए रखने की आवश्यकता है. आप अपने परिवार में किसी सदस्य की फरमाइश कर सकते हैं. आप किसी नए काम की शुरुआत करने की योजना बनाएंगे, लेकिन उसमें भी कुछ उलझने रहेंगी. आपको किसी यात्रा पर जाते समय सावधान रहने की आवश्यकता है.

### कुंभ | Aquarius

कुंभ राशि के जातकों के लिए विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा. परिवार में यदि कोई मनमुटाव चल रहा था, तो आप उसे बातचीत के जरिए दूर करने की कोशिश करें. माता-पिता आपके कामो में आपका पूरा साथ देंगे. आप किसी नए घर मकान दुकान आदि की खरीदारी करने की योजना बना सकते हैं. आपको कार्य क्षेत्र में अपने कामों में कुछ समस्या आएगी, जिन्हें आप आसानी से पूरा कर सकेंगे. विद्यार्थी अपने ज्ञान को पढ़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे.

### मीन | Pisces

मीन राशि के जातकों के लिए कल दिन खुशनुमा रहने वाला है. ससुराल पक्ष के से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी. आप अपने कामों में पार्टनरशिप करेंगे, तो वह भी आपके लिए अच्छी रहेगी. आपको कोई काम एक साथ साथ लगने से आपकी व्याग्रता बढ़ेगी. संतान की शिक्षा में यदि कुछ समस्याएं आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है.

प्रदेश स्वराज CLASSIFIED
मोबाईल पर बुक करें - 90094-07529

जाहिर सूचना
अब प्रदेश स्वराज अख़बार में जाहिर सूचना दीजिए मात्र
₹ 400 में
स्टैंडर्ड साइज 1 कॉलम 10 सेमी.
संपर्क करें - 90094-07529
आप हमे ई-मेल भी कर सकते हैं
E-mail: pradeshswaraj25@gmail.com

दैनिक प्रदेश स्वराज
को समाचार संवाददाता नियुक्त करना है ! पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने के इच्छूक व्यक्ति संपर्क करें
सह-संपादक- डॉ. प्रविण पाटील
90094 07529

|| श्री गणेशायनमः ||
|| श्री कुलदेवी प्रसन्न||
श्री रेणुका ज्योतिष कार्यालय
विशेषताएं
सभी धार्मिक कार्य किये जाते है।
सत्यनारायण कथा, अभिषेक, वास्तुशांति, नवचंडी, नक्षत्रा, जनन शांति, त्रिपंडी, श्राद्व एवं कर्मकांड और ज्योतिष द्वारा आपकी समस्या का समाधान भी होगा
( सोनू महाराजजी )
पं. भूपेन्द्र चन्द्रकांत व्यवहारे (सोनू महाराजजी)
पता-नया मोहल्ला, बाई साहेब की हवेली के सामने,बुरहानपुर (म.प.)
संपर्क करे :- Mob. 99935-19324

# एप्पल अस्पताल से मां रेणुका माता मंदिर तक स्ट्रीट लाईट शुरु किए जाए: चंद्रहास शिंदे



प्रदेश स्वराज। बुरहानपुर

बुरहानपुर :-शहर से गांव जोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर सड़कों का निमार्ण हो रहा है। किन्तु शहर के साथ आस्था को जोड़ने वाली माता रानी के दरबार रेणुका माता से एप्पल हॉस्पिटल तक सड़क पर स्ट्रीट लाईट न होने के कारण हमेशा अंधेरा पसरा रहता है। आगामी 3 तारीख से मातारानी की स्थापना होने वाली है भक्त गण दरबार मे मत्था टेकने प्रात: 5 बजे से देर रात तक इस मार्ग का उपयोग करते है।यूवा नेता चंद्रहास शिंदे ने जन प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर से स्ट्रीट लाईट शुरु करवाने की मांग है। शिंदे का मानना है नवरात्रि उत्सव, दशहरा, दिपावली उत्सव की धूम और आस्था का संगम इस सड़क से गुजरेगा वही फटाखा व्यवसाय से जुड़े व्यापारी इस मार्ग का उपयोग करेगे इस मार्ग पर अंधेरा होने के कारण शहर का असमाजिक तत्व इस सड़क मार्ग पर दारू का सेवन करता नजर आता है कुछ तत्व जमावड़ा लगाकर मटर गस्ती करते नजर आते है। इस मार्ग पर अंधेरा पसरा होने के कारण कोई अप्रिय घटना या दुर्घटना न घटे मंदिर दर्शनार्थ भक्तो की सुविधा के साथ त्योहारो और व्यापारियों की आवाजाही को ध्यान मे रख स्ट्रीट लाईट शुरु करने की मांग शिंदे ने की है।

# आकाशीय बिजली गिरने से बिजली डीपी हुई खाक



प्रदेश स्वराज। बुरहानपुर

बुरहानपुर जिले के बॉर्डर स्थित इच्छापुर बिजली ग्रिड के अंतर्गत भोटा फाटा के पास किसानो के सिंचित फसलों हेतु पुर्व से एक डीपी बैठाइ गई थी। बुधवार शाम को अचानक जोरो से बारिश के साथ साथ आकाशीय बिजली की जोरो से कड कड़ाहट की आवाज के साथ उक्त डीपी पर आकाशीय बिजली गिरने से डीपी पुरी तरह से जलकर खाक हो गई थी । इसकी सुचना कनेक्शन धारी किसानों ने ग्राम पंचायत वारोली के ग्राम मुखिया सरपंच श्रीमतीअरुणा बाई रविंद्र पाटिल के घर पहुंचकर किसानों ने बताया की ग्राम भोटा फाटा एमपी बॉर्डर पर ट्रांसफार्मर ब्लास्ट हो चुका है । ग्रामीणों की पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए सरपंच आरुणा बाई पाटिल ,सचिव रघुनाथ महाजन , सरपंच प्रतिनिधि रविंद्र पाटील एवं एम पी इ बी के जे ई अस्तरे ने कर्मचारियों द्वारा तत्परता से समस्या को देखते हुए मेहनत करते हुए पानी की समस्या का हल शनिवार को डीपी बिठाकर किया । नई डीपी से बिजली संचार शुरू हुआ । बताया जाता है डीपी पर कनेक्शन धारियों को 2 दिन तक मुसीबत का सामना करना पड़ा ।

# शांती समिति की बैठक संपन्न




प्रदेश स्वराज | बुरहानपुर

बुरहानपुर जिला पुलिस मुख्यालय के अंतर्गत पुलिस थाना शाहपुर में पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कणेस , नेपानगर एसडीओपी निर्भयसिंह अलावा के मार्गदर्शन से शाहपुर थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा जी ने नवरात्री उत्सव आयोजक समिती के सदस्यो को एवं शांती समिती के उपस्थित सदस्यों को बताया की नवरात्री उत्सव पुरानी परंपरा के अनुसार आस्था पुर्वक मनाया जाए । प्रशासन के नियमों का पालन करना अनिवार्य है । इस उत्सव में बुरहानपुर से मां इच्छा देवी मंदिर तक श्रद्धालु पैदल चलकर चुनरी यात्रा मे शामिल होते हैं इस उत्सव में डीजे पुरी तरह से प्रतिबंध है । शाहपुर नगर में बिजली की व्यवस्थाओं को नगर परिषद करेगी । माता का विसर्जन सही समय नवमी के दिन पर ही करें । इस अवसर पर नगर परिषद सीएमओ जगदीश गुहा , अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी , विनोद चौधरी , अशोक निकम , विष्णु महाजन , कैलाश असेरकर , पंकज राउत , पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधी रामभाउ लांडे पुर्व जनपद उपाध्यक्ष अशोक महाजन , लक्ष्मण महाजन , रवी जैन, मनोज चौधरी , चुडामन महाजन सहित नवदुर्गा उत्सव समिती के सभी सदस्य , शांती समिती सदस्यो सहित पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे

# भिलाला समाज की बैठक सम्पन्न ।




प्रदेश स्वराज | रमेश इंगले

रविवार को कृषि मंडी बुरहानपुर में बिलाला समाज की बैठक बुलाई गई थीं जिसमें समाज के सभी वरिष्ठों के द्वारा समाज के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ,समाज की लड़की यदि समाज के बाहर शादी करती हैं तो उन्हें 81 हजार रुपए का देना होगा और यदि भाग कर जाते हैं तो एक लाख 51का दंड लगेगा इसके साथ ही समाज मेंशिक्षा का स्तर बढ़ाए जाने पर जोर दिया गया साथ ही समाज में शादी या अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में डी जे पर प्रति बंद लगाएं जाने पर भी समाज की सहमति बनी साथ ही नवयुवकों को नशा मुक्ति हेतु जागरूक किया गया बैठक में जनप्रतिनिधि सहित क्षेत्र के समाज वरिष्ठ भी उपस्थित रहे।




आवश्यकता है
दैनिक प्रदेश स्वराज

दैनिक प्रदेश स्वराज को मध्यप्रदेश के समस्त जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरोचीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
इच्छूक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें
सतीश चौहान Call : 9826346902

दैनिक
प्रदेश स्वराज

बुरहानपुर, सोमवार 30 सितंबर 2024 | 08

# सांसद ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात कहा

## पीएम के मन की बात प्रेरणादायक, विभिन्न विषयों पर सीधे जनता से जुड़ते हैं

## कार्यक्रम पश्चात सदस्यता अभियान अंतर्गत सांसद ने नागरिकों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

प्रदेश स्वराज | बुरहानपुर

बुरहानपुर। खंडवा लोकसभा सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील ने रविवार को बुरहानपुर में मालीवाड़ा वार्ड के बूथ क्रमांक 150 पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं व वार्ड वासियों के साथ सुना। इस दौरान सांसद ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम से हम सभी को बहुत कुछ जानने और समझने का अवसर मिलता है। यह काफी प्रेरणादायक कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी जी देश की विभिन्न विषयों पर सीधे जनता से अपने मन की बात कहते हैं, जिससे जनता का उनके प्रति लगाव और बढ़ता है। मन की बात कार्यक्रम से हम सभी को एक नई ऊर्जा मिलती है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी जी जिन विषयों पर बात करते हैं उन विषयों पर लोगों को विस्तार से जानकारी मिलती है। कार्यक्रम के बाद सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील ने सदस्यता अभियान अंतर्गत वार्डवासियों को भाजपा का सदस्य बनाया।



### चुनरी यात्रा में शामिल हो वार्डवासी

इस अवसर पर श्री आदित्य प्रजापति ने कहा कि भाजपा के युवा नेता श्री गजेंद्र पाटील के नेतृत्व में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष निकलने वाले चुनरी यात्रा में भारतीय परिधान में आप सभी शामिल हो। यह चुनरी पदयात्रा 6 अक्टूबर रविवार को सुबह 7 बजे बुरहानपुर के नवदुर्गा चौक से निकलकर इच्छापुर पर जायेगी जहा माँ इच्छा देवी को 101 मीटर चुनरी ओढ़ाई जाएगी। इस दौरान पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री दिलीप श्रॉफ, मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी श्री आदित्य प्रजापति, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री ईश्वर चौहान, श्री किशोर शाह, श्री मनोज टंडन, श्री हेमलाल मोरे, श्री अशोक कुरील, पार्षद श्री राजेश महाजन, एमआईसी चयरमैन श्री भरत इंगले,श्री खुशाल यादव, श्री जगदीश महाजन, श्री उमाकांत चौधरी, श्री गणेश महाजन,श्री राधेश्याम यादव,श्री चिंटू राठौर,श्री मुकेश नरवरे,श्री चुन्नीलाल राठौर, श्री गोपाल राठौर, श्री संतोष शाह,श्री सौरभ यादव सहित भाजपा पदाधिकारीगण व वार्डवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात वार्ड पार्षद श्री राजेश महाजन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# चिंचाला और सिंधीबस्ती श्मशानों को सुव्यवस्थित, सुनियोजित, स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु अर्चना चिटनिस ने विशेष निधि से स्वीकृत किए 50-50 लाख

प्रदेश स्वराज | बुरहानपुर

बुरहानपुर। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने बुरहानपुर में उपनगर नगर लालबाग स्थित चिंचाला श्मशान एवं सिंधीबस्ती स्थित श्मशान घाट के सुव्यवस्थित, सुनियोजित, स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु दोनों श्मशानों का निरीक्षण कर विधायक विशेष निधि से 50-50 लाख रूपए स्वीकृत करते हुए कहा कि आवश्यकता पड़ने पर और राशि प्रदान की जाएगी। किन्तु स्थानीय समाज और संबंधित नागरिक इन स्थानों के रख-रखाव और समुचित प्रबंधन हेतु समितियां गठित करे। जिससे शासन की धनराशि लगने के बाद दीर्घकाल तक यह विश्राम स्थल चिरायु हो सके। श्रीमती चिटनिस ने जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं अधिकारियों के साथ निरीक्षण के दौरान क्षेत्रवासियों से चर्चा की और सुझाव लेकर श्मशानों के विकास कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को स्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, नगर निगमाध्यक्ष श्रीमती अनिता अमर यादव, पार्षदगण संभाजीराव सगरे, आशीष शुक्ला, गौरव शुक्ला, धनराज महाजन, श्रीमती निर्मला मनोज फुलवाणी सहित जनप्रतिनिधि, पूर्व पार्षद व समाजसेवी उपस्थित रहे।



### 50 लाख की लागत से होगा सिंधीबस्ती श्मशान का उद्धार और सौंदर्यीकरण

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने सिंधीबस्ती स्थित श्मशान का स्थानीय नागरिकों के साथ निरीक्षण कर श्मशान के उद्धार, सुविधाओं और सौंदर्यीकरण को लेकर चर्चा की। जिसमें प्रकाश व्यवस्था, गंदगी से मुक्ति हेतु पेवर ब्लॉक, पौधों को सुरक्षित कर बैठक व्यवस्था करने, पेयजल, नए शेड सहित समीप से बह रहे नाले की मेढ़ पर केक्टस, बांस जैसे पौधे लगाकर प्राकृतिक बाउंड्री का निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्टीटमेट बनाने के निर्देश दिए। इस क्षेत्र को असामाजिक तत्वों और पशुओं से सुरक्षित करने हेतु गेट लगाकर बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु भी कहा। सीवरेज फिल्टर प्लांट के वाहनों का आवागमन राजीव वार्ड के नगर निगम कार्यालय की ओर करने हेतु पांडारोल पर छोटी पुलिया का निर्माण कराने हेतु निर्देशित किया।

### चिंचाला को एक दर्शनीय क्षेत्र के रूप में करेंगे विकसित

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि चिंचाला श्मशान की बाउंड्रीवाल का निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों कर इसको एक दर्शनीय स्थल का रूप दिया जा सकता है। परिसर में चारों तरफ सुंदर पेड़-पौधे और फूल लगा सकते है। उन्होंने बताया कि 2018 के बाद अधूरे पड़े शेड का निर्माण कार्य भी अतिशीघ्र पूर्ण किया जाएगा। साथ ही यहां कुंडी भंडारा की ओर से विभिन्न वार्डों से नागरिकों को श्मशान तक घुमकर आना पड़ता है, जिसकी समस्या का निदान एक पुलिया और मार्ग का निर्माण कराकर किया जा सकता है। श्रीमती चिटनिस ने निगमायुक्त संदीप श्रीवास्तव से नगर वन की योजना को वन विभाग से सामन्जस्य स्थापित कर शीघ्र योजना को अगले स्तर पर पहुंचाने हेतु निर्देशित किया। ज्ञात रहे लगभग 2 हेक्टेयर क्षेत्र में चिंचाला के लिए वृक्षारोपण कर श्मशान क्षेत्र को हरा-भरा करने की योजना श्रीमती चिटनिस द्वारा बनाकर शासन को प्रेषित कराई जा रही है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक दिनेश शिवहरे द्वारा डिजीटल पब्लिकेशन कमल प्लाजा कॉम्प्लेक्स अमरावती रोड़ , जिला बुरहानपुर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सुभाष नगर, लालबाग रोड जिला बुरहानपुर (म.प्र) से प्रकाशित।
संपादक - दिनेश शिवहरे * (सभी वाद-विवाद बुरहानपुर न्यायालय के अंतर्गत रहेगा।)